Merry Christmas

SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

दिसंबर–2014

बीआरपीएल का ''ऊर्जा कार्यक्रम'' 23,000 बच्चों और 28 स्कूलों तक पहुंचा

बीआरपीएल का ऊर्जा कार्यक्रम जिसकी शुरुआत दिल्ली के स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण से जुड़ी सभी आवश्यक सूचनाओं को बढ़ावा देने के लिए शुरु किया गया था, वह बीआरपीएल दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के 28 स्कूलों के 23,000 बच्चों तक पहुंच चुका है।

इस कार्यक्रम के तहत आवश्यक सूचनाओं मसलन ऊर्जा संरक्षण,विद्युत सुरक्षा,बिजली चोरी की समस्या,बीआरपीएल की विभिन्न सेवाएं और उपलब्धियों संबंधी महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार एंव प्रसार सभी स्कूलों में किया गया। ये विद्यार्थी अपने परिवार और आस–पास के लोगों में संदेशों को प्रचारित एवं प्रसारित करने में मदद करेंगे।

आगामी कुछ सप्ताह में और भी स्कूलों को शामिल किया जायेगा।

सुरक्षा के लिए आईकार्ड की पहचान करें

उपभोक्ताओं को यह सलाह दी गई है कि जब भी कोई व्यक्ति उनके यहां बीएसईएस प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उसका पहचान पत्र देखें। सही पहचान पत्र में ये तथ्य होने चाहिए:

बीएसईएस लोगो • बीएसईएस होलोग्राम • जारी होने की तारीख • वैधता (वैलिडिटी) • कर्मचारी की तस्वीर • अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर • कर्मचारी के हस्ताक्षर • कर्मचारी संख्या / पहचान पत्र संख्या • ठेकेदार का नाम / लोगो / पता, लेमिनेशन।

एसएमएस 5–61–61–07 –आपातकाल (आग एवं करंट लीकेज) की शिकायत के लिए

अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारे के लिए महत्वपूर्ण है। आपातकाल शिकायतों को अब एसएमएस के जरिए रजिस्ट्र करा सकते हैं।

आग संबंधित शिकायतों के लिए

टाइप करें–बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, एफआर लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

करंट लीकेज संबंधित शिकायतों के लिए

टाइप करें – बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, सीपी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट के शिकायतों को आप बीआरपीएल के समर्पित चौबीस घंटे और सात दिनों (24x7) कार्यरत टोल फ्री नंबर 1800–10–39707 पर दर्ज करा सकते है।

यह समर्पित नंबर बीआरपीएल के मौजूदा 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 जिस पर आपातकाल एवं स्ट्रीटलाइट की शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं, के अतिरिक्त है।

दलालों और ठगों से सावधान रहें!

दलालों और ठगों से छुटकारा दिलाने में आप हमारी सहायता करें। बीआरपीएल के सामने ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं जिनमें सीधे सादे और अनजान उपभोक्ताओं को असामाजिक तत्वों द्वारा ठगी का शिकार बनाया जा रहा हैं। दलालों और ठगों द्वारा बीएसईएस के कार्य को तेजी से करवाने जैसे झूठे आश्वासनों में उपभोक्ता फंस चुके हैं।

कृपया याद रखें:

- बीआरपीएल का कोई भी स्टॉफ अथवा प्रतिनिधि बीआरपीएल की तरफ से आपके घर से नकद में भुगतान वसूलने के लिए अधिकृत नहीं है।
- एन्फोर्समेंट से सबंधित सभी तरह के जुर्माने, फाइन आदि का भुगतान बीआरपीएल के ऑफिस में ही हो सकता है।
- जब भी कोई व्यक्ति उनके यहां बीएसईएस प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उसका पहचान पत्र देखें। जैसे ही उपभोक्ताओं को कुछ शक हो, वे तुरंत निकटतम बीआरपीएल एनफोर्समेंट टीम के नंबर 011–26273311 (सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5.30 तक) पर कॉल कर, इसके बारे में सूचित करें या, फिर 100 नंबर पर पुलिस को बताएं।

अन्य दिनों के लिए कृपया 399–99–707 पर कॉल करें अथवा 100 नंबर पर स्थानीय पुलिस को सूचित करें

बिजली के बिल का अग्रिम भुगतान करें और 6% का ब्याज पाएं

क्या आपको मालूम है कि बीआरपीएल में अग्रिम भुगतान करने से आप 6% का ब्याज प्राप्त कर सकते हैं। भुगतान की गई राशि को आपके बिजली बिल में समायोजित कर लिया जाएगा और भुगतान के बाद बची शेष राशि पर आपको 6% सालाना ब्याज प्राप्त होगा। न्यूनत्तम भुगतान की राशि 5000/– रुपये होगी जिसको 1000/– से गुणा किया जाएगा। इस विकल्प को प्राप्त करने के लिए आप www.bsesdelhi.com पर लॉग कर सकते हैं अथवा हमारे कस्टमर केयर से सम्पर्क कर सकते हैं।

फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें

बीआरपीएल पर मोबाइल नंबर और और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलटर्स प्राप्त होंगे बल्कि इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा। प्रत्येक महीने 3 विजेताओं का नाम लकी ड्रॉ के जरिए चुना जाएगा।

लकी ड्रॉ विजेता (नवंबर के लिए) – श्री के डी पिल्लई (नेहरु प्लेस) और श्री अशोक आनंद (अलकनंदा) ने बीआरपीएल के सीईओ श्री अरविंद गुजराल से पुरस्कार प्राप्त किया। तीसरे विजेता (फोटो में नहीं हैं) श्री गुरुविंदर सिंह हैं।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com
To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy